RAF SECTOR

NEWS CLIP

22/08/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar , Ghatshila (JKD)

बिना भेदभाव कार्य करने का लिया संकल्प

नरवा : सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन कैंप परिसर में रैफ की 76 वीं वर्ष गांठ सद्भावना दिवस के रूप में मनायी गयी. कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने सद्भावना दिवस पर द्वितीय कमान अधिकारी विनोद शरण, उप कमांडेंट अनामी शरण व अन्य अधिकारियों सहित जवानों को बिना किसी भेद भाव के कार्य करने की शपथ एवं संकल्प दिलायी. कमांडेंट श्री सिंह ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हमारा देश विभिन्न जाति, धर्म, संस्कृति व भाषा का देश है. हमें हमेशा बिना किसी भेदभाव के सबों के साथ समभाव के साथ कार्य एवं व्यवहार करना है. यही हमारी सबसे बड़ी बहादुरी है. उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव के लिये सभी को सावधानी बरतने, मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी का पालन करने की बात भी कही.

Anant Rajasthan , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स कैम्प लालवास में मनाया गया सद्भावना दिवस

जयपुर। आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन केम्पस में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रैपिड एक्शन फोर्स के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में सद्भावना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरेश सिंह पायल ने सद्भावना दिवस को मनाये जाने वाले कार्यो के साथ भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा किये गए अविस्मरणीय प्रयास, राष्ट्र की प्रगति के कार्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में उनके अभूतपूर्व योगदान पर विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सद्भावना दिवस का मुख्य उद्देश्य एक दुसरे के प्रति अच्छी भावना रखना एवं भारत के सभी धर्मों के बीच सामुदायिक समरसता, राष्ट्रीय एकता, शांति, प्यार और लगाव को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने बटालियन के सभी कार्मिकों को जाति, मत, धर्म, क्षेत्र एवं भाषा की परवाह किये बिना देश की अखण्डता एवं संप्रभुता को बनाये रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, उप कमाण्डेन्ट बलबीर सिंह, नीरज मीणा एवं बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।